# सितंबर में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, आवेदन कर सकते हैं निर्यातक

- नोएडा के एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक किया जाएगा ट्रेड शो का आयोजन
- मुरादाबाद से हर साल करीब 500 निर्यातक इस मेले में करते हैं प्रतिभाग

**जासं, मुरादाबाद :** नोएडा के एक्सपोमार्ट में लगने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस-3) के आयोजन की तिथि जारी कर दी गई है। यह मेला 25 से 29 सितंबर तक लगेगा। जिसके लिए निर्यातक 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। मुरादाबाद से करीब 500 निर्यातक इस मेले में हर साल प्रतिभाग करते हैं। एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार की ओर से दो साल पहले इस मेले की शुरूआत की गई थी। मेले में प्रतिभाग करने वाले नए एवं पुराने निर्यातकों के लिए स्टाल बुकिंग की राशि भी निर्धारित कर दी गई है।

यूपीआइटीएस-3 15 हाल में आयोजित होगा। जिसमें से हाल नंबर 14, 15 प्रदेश के निर्यातकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। ट्रेड के लिए नए निर्यातक जिन्होंने वर्ष 2020-21 या उसके बाद निर्यात शुरू किया है। उन निर्यातकों के लिए नौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 325 स्टाल स्थापित किए गए हैं। जिनका शुल्क प्रति स्टाल 15 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। मेले में प्रतिभाग करने के लिए परिषद की सदस्यता प्राप्त करना आवश्यक है। परिषद की सदस्यता के लिए www.upepc.org पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्टाल बुकिंग के लिए शुल्क उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद के बैंक में जमा करना होगा। वहीं, जो निर्यातक वर्ष 2020-21 से पहले से निर्यात करते हैं। उनके लिए आवश्यकतानुसार 12 से 240 वर्ग मीटर जगह उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इनके लिए निर्मित स्टाल का शुल्क सात हजार रुपये वर्ग मीटर व खाली जगह के लिए 6500 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित किया है। खाली जगह के लिए न्यूनतम 18 वर्ग मीटर बुक किया जाना आवश्यक है। स्टाल बुकिंग के लिए निर्यातक आनलाइन लिंक या आफलाइन उद्योग कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### मेले में प्रतिभाग लेने वाले निर्यातकों को मिलेगी सब्सिडी

मेले में प्रतिभाग करने वाले निर्यातकों को एक जनपद एक उत्पाद सहायता योजना के तहत स्टाल शुल्क की 75 प्रतिशत, अधिकतम डेढ़ लाख, माल ढुलाई का 75 प्रतिशत या अधिकतम साढ़े सात हजार और एक व्यक्ति के लिए टर्ड एसी रेल या बस के वास्तविक किराए के रूप में दिया जाएगा।

> नोएडा के एक्सपोमार्ट में तीसरी बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 25 से 29 सितंबर तक होगा। इसके लिए इच्छुक निर्यातक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आनलाइन, आफलाइन दोनों तरह की व्यवस्था की गई है। मुरादाबाद से हर बार 500 निर्यातक इस मेले में प्रतिभाग करते हैं।
>
> – **योगेश कुमार**, संयुक्त आयुक्त (उद्योग)